**समय-2:30 घंटे** **<u>केन्द्रीय विद्यालय संगठन , वाराणसी संभाग</u>**

**<u>संकलित परीक्षा - 2 (2014-15)</u>**

**कक्षा- आठवीं (VIII)** **पूर्णांक- 60**

**विषय - हिन्दी**

**निर्देश-** इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं- क , ख , ग, घ

चारों खण्ड के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

यथासम्भव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**(खण्ड- क)**

सभी धर्म हमें एक ही ईश्वर तक पहुँचाने के साधन हैं। अलग-अलग रास्तों पर चलकर भी हम एक ही स्थान पर पहुँचते हैं। इसमें किसी को दुःखी नहीं होना चाहिए। हमें सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना चाहिए। दूसरे धर्मों के प्रति समभाव रखने से धर्म का क्षेत्र व्यापक बनता है। हमारी धर्म के प्रति अन्धता मिटती है। इससे हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय और पवित्र बनता है। यह बात लगभग असम्भव है, कि इस पृथ्वी पर कभी भी एक धर्म रहा होगा या हो सकेगा। हमें ऐसे धर्म की आवश्यकता है जो विविध धर्मों में मूल तत्व को खोजे, जो विविध धर्मों के अनुयायियों के मध्य सहनशीलता की भावना को विकसित कर सके। हमें संसार के धर्म ग्रन्थों को पढ़ना और समझना चाहिए। हमें दूसरे धर्मों क वैसा ही आदर करना चाहिए, जैसा हम दूसरों से अपने धर्म का कराना चाहते हैं। लेखक की दूसरे धर्मों के बारे में जानकारी प्राप्त करने से हिन्दू धर्म के बारे में श्रद्धा बढ़ी है तथा उसका दृष्टिकोंण विस्तृत हुआ है।

प्रश्न-1 उपर्युक्त अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों मे से सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1X5=5**

क- गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक होगा-

I. उचित धर्म
II. धर्म का मर्म
III. धर्म का ज्ञान
IV. धर्म का अर्थ

ख- अलग-अलग रास्ते किसके हैं?

I. गावों के
II. शहरों के
III. कस्बों के
IV. धर्म के

ग- धर्म का क्षेत्र व्यापक कब बनता है?

I. अपने धर्म का प्रचार करने से
II. अपने काम करने से
III. दूसरे धर्मों के प्रति समभाव रखने से

IV. सर्वधर्म प्रचार से

घ- हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय और पवित्र कब बनता है?

I. धर्मान्धता मिटने से
II. कट्टरता से
III. ईश्वर के पास जाने से
IV. सम्प्रदाय से

ङ- दूसरे धर्मों के बारे में जानकारी से किस धर्म के प्रति श्रद्धा बढ़ी है?

I. मुस्लिम धर्म के प्रति
II. ईसाई धर्म के प्रति
III. हिंदू धर्म के प्रति
IV. सम्प्रदाय के प्रति

प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **1X5=5**

ऋषि मुनियों, साधु संतों को
नमन , उन्हें मेरा अभिनन्दन
जिनके तप दे पूत हुई है
भारत देश की स्वर्णिम माटी
जिनके श्रम से चली आ रही
युग-युग से अविरल परिपाटी
जिनके संयम से शोभित है
जन-जन के माथे पर चंदन।
कठिन आत्म-मंथन के हित
जो असि-धारा पर चलते हैं
पर प्रकाश हित पिघल-पिघल कर
मोम-दीप सा जलते हैं।
जिनके उपदेशों को सुनकर
सँवर जाए जन-जन का जीवन
सत्य-अहिंसा जिनके भूषण
करुणामय है जिसकी वाणी
जिनके चरणों से है पावन
भारत की यह अमिट कहानी

1- ऋषि मुनियों ने भारत अपने तप और श्रम से महान बनाया है, जिसके कारण भारत -

क- सर्वोच्च स्थान पर है
ख- पूरे विश्व में सम्मान पाता है
ग- महानता का परिचायक है
घ- एशिया का सिरमौर है

2- हमारे देश के ऋषि मुनि स्वयं पर नियंत्रण करने के लिए कठोर नियमों का पालन करते हैं, यह आशय कविता के निम्न पंक्ति में है-

क- कठिन आत्म-मंथन के हित जो असि-धारा पर चलते हैं

ख- करुणामय है जिसकी वाणीजिनके चरणों से है पावन

ग- जो असि-धारा पर चलते हैं पर प्रकाश हित पिघल-पिघल कर

क- जिनके श्रम से चली आ रही युग-युग से अविरल परिपाटी

3- दूसरों के लिए 'मोम-दीप सा' जलने से तात्पर्य है स्वयं परोपकार करते हुए -

क- दूसरों को आदर्श स्थापित करने के लिए प्रेरित करना

ख- दूसरों पर अपना विश्वास बनाए रखना

ग- दूसरों के लिए स्वयं को बलिदान कर देना

घ- समाज को बलिदान के लिए प्रेरणा देना

4- ऋषि मुनि वंदनीय है -

क- तप श्रम संयम, आत्मंथन, परोपकार आदि की भावना के कारण

ख- समाज को उच्च आदर्शों की ओर प्रेरित करने के कारण

ग- समाज को हिंसा से दूर रहने की सलाह देने के कारण

घ- समस्त विश्व एक ग्राम है, का शंखनाद करने के कारण

5- उपरोक्त काव्यांश में बात कही गई है -

क- भारतीय परंपरा की

ख- भारतीय वीरों की

ग- किसनों की

घ- भारतीय ऋषि मुनियों की

**(खण्ड- ख)**

प्रश्न-3 निम्नलिखिति गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1X5=5

लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की ओर चल पड़ा। अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया। किसी ज़माने में न्यूटन नाम के किसी खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज़ ईजाद की थी। कहना न होगा कि यह सारी शक्ति इस समय लोटे के पक्ष में थी।

**प्रश्न**

क- यहाँ किस लोटे का वर्णन है, गली की ओर चल पड़ा?

ख- लोटे की चाल के बारे में गद्यांश में क्या बताया गया है?

ग- न्यूटन कौन था? उसने क्या खोज की थी?

घ- न्यूटन की ईजाद की गई शक्ति लोटे में किस प्रकार आ गई?

ङ- उल्का को लजाता हुआ से क्या तत्पर्य है? उल्का क्या होता है?

प्रश्न-4 निम्नलिखिति प्रश्नों में से किन्ही तीन (3) प्रश्नों के उत्तर लिखिये। 2X3=6

क- जब पहली बोलती फ़िल्म प्रदार्शित हुई तो उसके पोस्टर पर कौन से वाक्य छापे गए? उस फ़िल्म में कितने चेहरे थे?

ख- पुडुकोट्टई में कोई महिला अगर चुनाव लड़ती तो अपना पार्टी-चिन्ह क्या बनाती और क्यों?

ग- ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप भर आई?

घ- टोपी कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

प्रश्न-5 नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1X5=5

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी।
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी।
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।

क- श्री कृष्ण जी यशोदा से क्या पूछ्ते हैं?

ख- चोटी बढ़ाने के लिए माता यशोदा ने क्या उपाय बताया था?

ग- माता यशोदा के अनुसार दूध पीने से चोटी पर क्या प्रभाव पड़ता?

घ- काढ़ते समय, गूँथते समय और नहाते समय चोटी कैसी लगने लगेगी?

ङ- कवि और कविता का नाम लिखिए।

प्रश्न-6 निम्नलिखिति प्रश्नों के उत्तर संक्षेप लिखिये। 2X3=6

क- सुदामा की दीन दशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए।

ख- कृष्ण अपनी चोटी के बारे में माता यशोदा से क्या बता रहें हैं ?

ग- दूध की तुलना में श्रीकृष्ण क्या अधिकपसंद करते हैं ?

## -भारत की खोज-

प्रश्न-7 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X4=4

I. 'लीलावती' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?

II. भारत का नेपोलियन कहा जाता है-

1- चन्द्रगुप्त को
2- ब्रहमदत्त को
3- विशाखदत्त को
4- समुद्रगुप्त को

III. बाबर नामक तुर्क मंगोल ने मुगल साम्राज्य की स्थापना की है -

1- 1526 ई में
2- 1550 ई में
3- 1426 ई में
4- 1455 ई में

IV. 'मुद्राक्षस' नामक नातक लिखा गया है -

1- कालीदस
2- सूरदास
3- विशाखदत्त
4- ब्रहमदत्त

प्रश्न-8 मेनांडर कौन था? वह किस रूप में प्रसिद्ध हुआ? 4

**(खण्ड- ग)**

प्रश्न-9 (क) बेधुली-बालटी में धुली शब्द से पहले 'बे' लगाकर बेधुली बना है। जिसका अर्थ है 'बिना धुली', 'बे' एक उपसर्ग है। 'बे' उपसर्ग से बनने वाले दो (2) शब्द बनाइए। 1

(ख) 'इत' और 'इक' प्रत्यय से बने एक-एक शब्द लिखिए। 1

(ग) 'भर' और 'बद' उपसर्ग लगाकर एक-एक शब्द बनाइए। 1

(घ) निम्न में से रात का पर्यायवाची शब्द कौन-सा शब्द नहीं है- 1

1) रजनी
2) यामा
3) वामा
4) विभावरी

प्रश्न-10 (क) निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए। 2

I. तिलमिला उठना
II. दुमदबाकर भागना

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक (विलोम) शब्द लिखिए। 1

I. दिन
II. शीत

(ग) रेखांकित में कारक होगा - 1

<u>कक्षा में</u> छात्र चुपचाप पढ़ रहे हैं।

I. अधिकरण कारक
II. कर्म कारक
III. करण कारक
IV. कर्ता कारक

(घ) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास नाम लिखिए। 2

I. गंगाजल
II. नीलगाय

**(खण्ड- घ)**

प्रश्न-11 अपने मोहल्ले की सफ़ाई के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

खेलों की उचित व्यवस्था हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न-12 निम्न में से किसी एक विषय पर दिए गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखिए। 5

1) अनुशासन

संकेत बिन्दु -

- अनुशासन का महत्त्व
- अनुशासन की आवश्यकता
- उन्नति में सहायक
- उपसंहार

2) भारतीय नारी

संकेत बिन्दु -

- नारी का समाज में स्थान
- भारतीय नारी की सीमाएँ
- नारी की स्थिति में परिवर्तन
- आधुनिक नारी की स्थिति में सुधार
- उपसंहार

3) वृक्षों का महत्त्व

संकेत बिन्दु -

- दैनिक जीवन में वृक्षों की उपयोगिता
- पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक
- वनों का योगदान
- उपसंहार